फोटोप्रति प्रदर्श–11ए, वादी का पेनकार्ड प्रदर्श–12ए व वादी की कक्षा 10 की अंकतालिका की फोटोप्रति प्रदर्श–13ए है। जिसमें वादी का सही व दस्तावेजी नाम बालुराम पुत्र मोतीराम दर्ज है।

वादीगण के वाद पत्र, तहसीलदार–जैतारण के जवाब दावा एवं संलग्न फर्द मौका रिपोर्ट, वादी के साक्ष्य शपथ–पत्र एवं प्रदर्श दस्तावेजात के आधार पर यह साबित होता है, कि वादी का सही एवं दस्तावेजी नाम बालुराम पुत्र मोतीराम है। प्रत्येक काश्तकार को अपनी काश्तकारी कृषि भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज अपने स्वयं के नाम में त्रुटि एवं विसंगति को दूर करवाकर या हटवाकर अपना वास्तविक सही एवं दस्तावेजी नाम के अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में प्रविष्टियों को शुद्ध करवाए जाने का अधिकार प्राप्त है। अतः वादी द्वारा प्रस्तुत वादपत्र, जवाब दावें एवं साक्ष्य–सबूतों के आधार पर वादग्रस्त आराजी के राजस्व रेकर्ड में ''भालाराम पुत्र मोतीराम'' के नाम को त्रुटिपूर्ण मानते हुए वादी के पिता सही एवं वास्तविक दस्तावेजी नाम ''बालुराम पुत्र मोतीराम'' दर्ज किया जाना उचित समझते है। अतः वाद वादीगण स्वीकार कर डिक्री किया जाना उचित एवं विधि संगत होगा।

–:: आदेश ::–

अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में निष्कर्षतः वाद वादी अंतर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 बखूबी साबित होनें एवं सारवान होनें से स्वीकार किया जाता है। वादग्रस्त आराजी सरहद मौजा झांझनवास पटवार हल्का पाटवा तहसील जैतारण मे खसरा नम्बर 251 रकबा 0.2266 हैक्टयर किस्म गै.मु., खसरा नम्बर 252 रकबा 0.0324 हैक्टयर किस्म गै.मु., खसरा नम्बर 253 रकबा 0.0243 हैक्टयर किस्म गै.मु., खसरा नम्बर 254 रकबा 19.6353 हैक्टयर किस्म चाही सोयम, खसरा नम्बर 255 रकबा 0.2185 हैक्टयर गै.मु., खसरा नम्बर 256 रकबा 0.1052 हैक्टयर किस्म गै.मु., खसरा नम्बर 257 रकबा 0.2428 हैक्टयर किस्म गै.मु. बेरा, खसरा नम्बर 258 रकबा 6.0541 हैक्टयर किस्म चाही सोयम, खसरा नम्बर 259 रकबा 0.0647 हैक्टयर किस्म गै.मु. बेरा, खसरा नम्बर 260 रकबा 11.2583 हैक्टयर किस्म चाही सोयम, खसरा नम्बर 261 रकबा 0.1376 हैक्टयर किस्म गै.मु. बेरा, खसरा नम्बर 268 रकबा 0.0243 हैक्टयर किस्म गै.मु. बेरा, खसरा नम्बर 269 रकबा 5.9974 हैक्टयर किस्म चाही सोयम, खसरा नम्बर 270 रकबा 0.7122 हैक्टयर किस्म चाही सोयम, खसरा नम्बर 10 रकबा 1.0522 हैक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 19 रकबा 0.4694 हैक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 9 रकबा 0.5342 हैक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 20 रकबा 1.1655 हैक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 287 रकबा 1.2141 हैक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 315 रकबा 0.9874 हेक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 387 रकबा 1.1250 हैक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 393 रकबा 0.

11/3/26

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)
जैतारण, जिला-ब्यावर

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) राज० जैतारण

8256 हैक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 438 रकबा 2.4605 हैक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 68 रकबा 0.9065 हैक्टयर किस्म बारानी अव्वल, खसरा नम्बर 303 रकबा 3.5693 हैक्टयर किस्म चाही दोयम, खसरा नम्बर 304 रकबा 0.0162 हैक्टयर किस्म गै.मु. बेरा, खसरा नम्बर 305 रकबा 0.3318 हैक्टयर किस्म चाही दोयम, खसरा नम्बर 304/1 रकबा 0.3237 हैक्टयर गै.मु. बेरा के राजस्व रेकर्ड के भू-अभिलेख में दर्ज प्रविष्टी **''भालाराम पुत्र मोतीराम''** के स्थान पर वादी के सही व वास्तविक नाम की प्रविष्टी **''बालुराम पुत्र मोतीराम''** दर्ज किये जाने की घोषणा की जाती है। तदनुरूप राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद हो। अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेगी। इसी मुताबिक डिक्री पर्चा पृथक से जारी हो जो इस निर्णय का भाग होगा। पत्रावली इसी कदर निर्णित होकर संख्या से एक होकर दाखिल दफ़्तर हो।

न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) जैतारण राज0

सहायक कलक्टर
(फास्ट ट्रेक),जैतारण
जिला-ब्यावर (राज0)

निर्णय आज दिनांक 11.03.2026 को सर-ए-इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
(फास्ट ट्रेक),जैतारण
जिला-ब्यावर (राज0)